नक्सली अलियास देवईया आंध्रप्रदेश में गिरफ्तार

रेवलयुसनरी पीपुल्स कमेटी का सेकेट्री था

छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 7 फरवरी। नक्सली संगठन रेवलयुसनरी पीपुल्स कमेटी के सेकेट्री अलियास देवईया को आन्ध्रप्रदेश पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। उक्त नक्सली छत्तीसगढ़ के कोंटा क्षेत्र के क्रिस्टारम व आन्ध्रप्रदेश के वेंकटापुरम और भद्राचलम इलाके में सक्रिय था।

भद्राचलम के एएसपी गजराओ भूपाल से मिली जानकारी के अनुसार नक्सली संगठन रेवलयुसनरी पीपुल्स कमेटी का सेकेट्री कट्टादेवा उर्फ अलियास देवईया पिछले 4-5 साल से नक्सली संगठन से जुड़ा था और उसने कई नक्सली वारदातों को आंध्र प्रदेश व छग में अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि अलियास को आज भद्राचलम क्षेत्र के और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे चेरलामंडल के जंगल से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली आंध्रा के ग्राम कोण्डावाई निवासी बताया गया है।

क्या है रेवलयुसनरी पीपुल्स कमेटी

रेवलयुसनरी पीपुल्स कमेटी नक्सलियों के एक संगठन का नाम है जिसमें 5 से 7 गांवों को मिलाकर एक कमेटी तैयार की जाती है जिसे आरपीसी भी कहा जाता है। यह संगठन नक्सली गतिविधियों को ग्रामीण स्तर में प्रभावी और खुफिया तंत्र की तर्ज में काम करता है।

जगदलपुर। बीजापुर जिला के आवापल्ली मार्ग पर ग्राम मुरकीनार और चेरामंगी के पास निर्माण एजेंसी के कैंप में मंगलवार सुबह करीब 8 बजे भारी संख्या में सशस्त्र नक्सली पहुंचे और मजदूरों से मारपीट की। निर्माण में लगी फ्लोर मशीन वाहन, टिप्पर और रोलर को आग के हवाले कर दिया। इस वारदात में करीब करोड़ रुपए का नुकसान होना बताया गया है। **(समाचार पहले पेज पर)**

रुपए नहीं देने पर मां की हत्या

जगदलपुर, 7 फरवरी। सोमवार की शाम शहर के बोधघाट थाना क्षेत्र के अघनपुर में एक युवक ने शराब के नशे में अपनी मां की पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसे यह भी पता नहीं कि उसकी मां अब इस दुनिया में नहीं है।

बोधघाट थाना प्रभारी गोपाल धुर्वे ने घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि छत्रपति शिवाजी वार्ड के अघनपुर निवासी प्यारे लाल कश्यप ने सोमवार की शाम जमकर शराब पी। हत्या इस बात को लेकर हुई कि आरोपी की मां गोमती बाई अपने दामाद के पास जमीन लगभग 7 लाख में सौदा हुआ था। सोमवार को मृतिका गोमती बाई को आरोपी पुत्र ने उक्त सौदे पर पैसे की मांग की। मृतिका को 1 लाख रूपये जमीन के सौदे से प्राप्त हुआ था।

पैसे नहीं मिलने से नाराज युवक ने मां के साथ लात-घूंसे से मारपीट किया। मोहल्ले वालों ने इस बीच गीच-बचाव करते हुए युवक को मां के साथ मारपीट करने से रोका। इसके बाद युवक मां को घर के अंदर ले गया और दरवाजा बंद कर फिर से मारपीट किया। जिससे महिला बेहोश हो गई। आनन-फानन में लोगों ने उसे मेकाज लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इधर आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तथा मामले की विवेचना जारी है। आरोपी इतने नशे में था कि उसे अब तक यह नहीं मालूम कि उसकी मां की मृत्यु उसके मारने से हो चुकी है। सुबह जब उससे चर्चा किया गया तो वह मां की मौत से अनभिज्ञ था और रोते हुए एक बार मां से मिलाने की प्रार्थना पुलिस से कर रहा था।

जिपं में समीक्षा बैठक 14 को

दंतेवाड़ा, 7 फरवरी। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी की समीक्षा बैठक 14 फरवरी को जिला पंचायत के सभागार में आयोजित होगी। 14 तारीख को सुबह 11 बजे से आदिवासी विकास, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयकों की समीक्षा बैठक होगी। इसके बाद इसी सभागार में दोपहर तीन बजे से पंचायत एवं समाज कल्याण, कृषि, पशु चिकित्सा, रेशम, उद्यानिकी, मत्स्य उद्योग एवं खादी ग्रामोद्योग की बैठक आयोजित होगी।

इस समीक्षा बैठक की जानकारी एक प्रति में 11 फरवरी तक जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने एवं निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित होने के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीरज बंसोड़ द्वारा संबंधित विभाग प्रमुखों को दे दिए गए हैं।

लौह अयस्क की तस्करी जोरों पर

छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 7 फरवरी। दंतेवाड़ा जिला के बैलाडिला क्षेत्र में एनएमडीसी की लौह अयस्क खदानों के आसपास लौह अयस्क की तस्करी जारी है। यहां से रोजाना दर्जनों ट्रकों पर अवैध लौह अयस्क जगदलपुर की क्रशिंग इकाइयों में खपाया जा रहा है। लगातार सीआईएसएफ द्वारा ऐसे तस्करों को पकड़ा जा रहा है। कई मामले पुलिस को सौंपे जा चुके हैं।

कई बार खनिज विभाग द्वारा जुर्माने की कार्रवाई कर इन ट्रकों को छोड़ दिया जाता रहा है। छग की नई खनिज नीति के प्रावधानों में इसी वाहनों को राजसात करने के प्रावधानों को नजरंदाज किये जाने की वजह से लोहा तस्करों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। गत चार फरवरी को भी सीआईएसएफ किरंदूल के अधिकारियों के द्वारा एक ट्रक चोरी का लोहा पकड़ा गया था। ट्रक सुपुर्द कर दिया गया था। ट्रक बचेली निवासी नरसिम्हा रेड्डी की बताई गई है। इस ट्रक को दंतेवाड़ा के खनिज विभाग द्वारा एक लाख 4 हजार रूपये के जुर्माने के बाद चोरी के माल समेत छोड़ने के निर्देश के बाद सोमवार की शाम को छोड़ दिया गया।

बैलाडिला के आसपास बह रहे पहाड़ी नालों के किनारे से बड़े पैमाने पर लोह अयस्क विभिन्न वाहनों में भरकर जगदलपुर लाया जा रहा है। इस पूरे घटना क्रम में तस्करों को पुलिस का पूरा सहयोग मिलता दिखाई पड़ रहा है। किरंदूल से लेकर जगदलपुर तक करीब आधा दर्जन थानों के मौजूद होने के बावजूद यह तस्करी लगातार बढ़ती जा रही है। अभी हाल ही में किरंडूल के पायका नाला की सफाई वन विभाग द्वारा की गई है। खदानों से बहकर आया हुआ हजारों टन लोहा नाले के दोनों तरफ फेंक दिया गया है। धीरे-धीरे यह कीमती लोह अयस्क तस्करों द्वारा यहां से पार किया जा रहा है।

सांसद की अनुशंसा पर प्रशासकीय स्वीकृति

दंतेवाड़ा, 7 फरवरी। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के विकासखण्ड छिंदगढ़ एवं दंतेवाड़ा में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए बस्तर सांसद दिनेश कश्यप की अनुशंसा पर दंतेवाड़ा कलेक्टर ओम प्रकाश चौधरी द्वारा निर्माण कार्यों के लिए 22 लाख 88 हजार पांच सौ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। जिले के विकासखण्ड छिंदगढ़ के ग्राम पंचायत तोंगपाल में शासकीय औषधालय के समीप सामुदायिक भवन निर्माण हेतु दो लाख 94 हजार दो सौ रूपए, ग्राम पंचायत गंजेनार में मुख्य मार्ग से नयापारा मार्ग में स्लेब पुलिया निर्माण के लिए पांच लाख दस हजार सात सौ रूपए एवं ग्राम पंचायत केरातोंग में मुख्य मार्ग महिमा से स्कूल भवन तक सीमेंट कांक्रीट सड़क के लिए पांच लाख 82 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार दंतेवाड़ा विकासखण्ड के पटेलपारा बालूद से पटेलपारा बालपेट मार्ग पर स्लेब पुलिया निर्माण आरडी 2 निर्माण हेतु चार लाख 87 हजार सात सौ रूपए एवं पटेलपारा बालूद से पटेलपारा बालपेट मार्ग पर स्लेब पुलिया निर्माण आरडी 3 निर्माण हेतु चार लाख 87 हजार सात सौ रूपए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

प्रशासकीय स्वीकृति

दंतेवाड़ा, 7 फरवरी। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के क्षेत्रीय विधायक भीमा मंडावी की अनुशंसा पर दंतेवाड़ा कलेक्टर ओम प्रकाश चौधरी द्वारा निर्माण कार्यों के लिए 17 लाख सात हजार तीन सौ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। जिले के विकासखण्ड गीदम के ग्राम पंचायत रोंजे में सरपंच पारा रोंजे से कोरलापाल मार्ग पर आरसीसी स्लेब पुलिया चार मीटर स्पॉन बनाने के लिए सात लाख सात हजार तीन सौ एवं विकासखण्ड दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत चितालंका में सरस्वती शिशु मंदिर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए दस लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

निर्मल विद्यालय की घटना एक सुनियोजित षडयंत्र- मैथ्यू

हत्या का प्रयास, एफआईआर दर्ज

फोटो-33

जगदलपुर, 7 फरवरी। निर्मल विद्यालय में सोमवार को हुई घटना को स्कूल प्रबंधन ने अत्यंत दुर्भाग्यजनक और दुखद करार दिया है। असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल परिसर में की गई तोड़फोड़ और शिक्षकों से मारपीट के इस मामले में स्कूल प्रबंधन ने राजा तिवारी, रविराज पटनायक एवं अन्य के नाम जान से मारने की शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई है। निर्मल विद्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रिंसिपल फादर मैथ्यू कुन्नेल ने कहा कि यह दोनों युवक गत 2 फरवरी को 8वीं से 12वीं कक्षा के बच्चों के अभिभावकों के फोन नंबर इनके द्वारा मांगे गए थे। पालकों का नम्बर देने से प्राचार्य द्वारा मना कर दिया गया था। इसी घटना के बाद इन युवकों ने दुर्भावनावश षडयंत्र पूर्वक इस घटना को अंजाम दिया है।

उन्होंने कहा कि इन्हीं कुछ लोगों द्वारा अफवाह फैलाकर भीड़ को एकत्र किया गया और स्कूल परिसर में बवाल मचाया गया। इस घटना से स्कूल की ही नहीं बल्कि पूरे शहर की बदनामी हुई है, जो भी दोषी है उसे सजा मिलनी चाहिए। जहां तक शिक्षक चक्रधर पटनायक का सवाल है आज तक इस शिक्षक के खिलाफ कोई भी शिकायत किसी भी विद्यार्थी या पालकों की तरफ से नहीं की गई है। छात्राओं से अगर अभद्र व्यवहार किया गया होता तो छात्राएं शिक्षिकाओं से जरूर शिकायत करती। कुल मिलाकर पूरा मामला मनगढ़ंत और स्कूल को बदनाम करने का है।

हकीकत यह है कि राजा तिवारी और रविराज इस शिक्षक की हत्या करना चाहते थे। आक्रोशित भीड़ के समक्ष अगर शिक्षक को लाया जाता तो कुछ भी हो सकता था। महत्वपूर्ण बात यह है कि स्कूल के शिक्षक की कथित हरकतों की जानकारी बच्चों ने अपने अभिभावकों को आज तक क्यों नहीं दी। अभिभावकों के अलावा शिक्षिकाओं से छात्राएं अपनी शिकायत कर सकती थीं। ऐसा ना कर इन युवकों से स्कूली छात्राएं क्यों शिकायत करेंगी। कुल मिलाकर स्कूल को बदनाम करने की साजिश के तहत यह सब किया गया है। प्राचार्य ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम में जो भी दोषी पाया जाए उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए। आरोपी शिक्षक पर हुए हमले के बाद उसे गंभीर अवस्था में महारानी अस्पताल में उपचारार्थ रखा गया है।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए शिक्षकों ने बताया किसोमवार और मंगलवार को मोबाईल नंबर 9806624785 से विद्यालय के शिक्षकों को दोपहर 1.20 बजे और दोपहर 3.18 बजे एसएमएस भेजकर धमकाया गया है। स्कूल के वयोवृद्ध शिक्षक विक्रमन के बारे में भेजे गए एसएमएस में लिखा है कि यदि विक्रमन अपनी हरकतों से बाज नहीं आएंगे तो उनका भी यही हश्र होगा। उक्त मोबाइल नम्बर पर काल करने पर किसी तबस्सुम नामक युवती से बात होने की बात शिक्षकों द्वारा कही गई है। पुलिस को इस एसएमएस की जानकारी दे दी गई है।

बाफना ने किया था हस्ताक्षर आरोपियों के ज्ञापन में

छत्तीसगढ़ जोगी न्याय सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष राजा तिवारी के लेटर पैड पर कमिश्नर एवं कलेक्टर के नाम प्रेषित शिकायत पत्र में क्षेत्रीय विधायक संतोष बाफना के हस्ताक्षर हैं। इस शिकायत में आरोपी शिक्षक चक्रधर पटनायक पर आरोप लगाया गया है कि कक्षा आठवीं से बारहवीं तक की कई छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें की गई हैं। उक्त शिक्षक द्वारा कई छात्राओं को ब्लैकमेल कर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए हैं। पत्र में आरोपी शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तथा निर्मल विद्यालय के शिक्षकों के ट्यूशन क्लासेस चलाने पर रोक लगाई जाने की मांग की गई। पत्रकारवार्ता में प्राचार्य द्वारा राजा तिवारी और उनके सहयोगियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। विधायक के हस्ताक्षर से संबंधित सवाल पर प्राचार्य ने अनभिज्ञता जाहिर की और सिर्फ राजा तिवारी और रविराज पटनायक के खिलाफ ही नामजद रिपोर्ट लिखाए जाने की बात स्वीकार की।

विडियो क्लीपिंग से होगी जांच नहीं बख्शे जाएंगे आरोपी

एसपी रतनलाल डांगी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को हुई निर्मल स्कूल घटना की सूक्ष्मता से जांच करने की बात कही है। उन्होंने इस संवाददाता से चर्चा करते हुए बताया कि घटना की विडियो क्लीपिंग से जांच की जाएगी। जो-जो इस मामले में शामिल पाए जाएंगे उन पर विभिन्न मामले दर्ज किए जाएंगे। घटना के समय भीड़ को उकसाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं घटना के दौरान जिन लोगों ने पुलिस के साथ भी मारपीट किया ऐसे सभी लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री डांगी ने बताया कि जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उनके खिलाफ बंधक बनाने, तोड़फोड़, शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रयास सहित हत्या का प्रयास की धाराएं लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि शिक्षक चक्रधर पटनायक अगर दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। श्री डांगी ने बताया कि इन लोगों का पूरा बैग्राऊण्ड पता लगाया जाएगा। कहीं इन लोगों का तार किसी दूसरे संस्था से तो नहीं है। शहर में अशांति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

वहीं निर्मल विद्यालय के प्राचार्य भी घटना के संबंध में शिकायत दर्ज करने पुलिस को एक शिकायत पत्र भेजा है जिसमें उन्होंने लिखा है कि 6 फरवरी सुबह 8 बजे राजा तिवारी एवं रविराज पटनायक नामक व्यक्तियों के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों के समूह ने विद्यालय पर बेबुनियाद आरोप लगाते हुए अभद्र नारेबाजी की और जमकर उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ की। विद्यालय के एक शिक्षक पर छात्राओं से छेड़खानी का आरोप भी लगाया और उन्हें जान से मारने की नियत से षडयंत्र रचते हुए भीड़ को उकसाया। इन असामजिक तत्वों का एक मात्र उद्देश्य संस्था को बदनाम करना था। प्राचार्य ने अपने पत्र में तीन बार असामाजिक तत्वों का उल्लेख किया है। यहां यह बताना लाजिमी है कि पूरे घटनाक्रम के दौरान निर्मल विद्यालय परिसर से लेकर कोतवाली पुलिस थाना, पुतला दहन और शांति समिति की बैठक में करीबन वहीं चेहरे दिखाई पड़े।

बीईओ कार्यालय आनन-फानन में शिफ्ट

जगदलपुर, 7 फरवरी। जगदलपुर खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का स्थानांतरण 2010-11 में पुराने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के पीछे नव निर्मित भवन में हुआ था। अब तक इस भवन में कुछ खिड़कियां नहीं लगाई गई है और न ही बाऊंड्रीवाल बनाया गया है। वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था भी नहीं की गई है। जिसके चलते वाहनें यत्र-तत्र खड़ी की जा रही है। इससे शासकीय आवास में निवासरत लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 25 जनवरी 2011 को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का आनन-फानन स्थानांतरण किया गया। जबकि भवन पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ है। जिसके चलते यहां पदस्थ कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टोर रूप के अभाव में पुराने दस्तावेज अभी भी पुराने कार्यालय में पड़ा हुआ है। आहाते के न होने से तथा वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से भी लोगों को परेशानी हो रही है। इन समस्याओं पर 1 वर्ष से अधिक होने पर भी संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

कार्यालय के सामने बनी नालियां भी सफाई के अभाव में जाम पड़ी हुई है। कार्यालय के सामने का आंगन उबड़-खाबड़ है। इन सबके चलते खण्ड शिक्ष शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आने वाले लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शासन शिक्षा के विकास के लिए करोड़ों खर्च कर रही है। वहीं ब्लाक के सारे शिक्षा व्यवस्थाओं का संचालन करने वाले कार्यालय की यह दुर्दशा लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

ट्रक-मोटरसाइकिल भिड़ंत, एक की मौत

कुनकुरी, 7 फरवरी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुनकुरी नगर में टाकीज के पास ट्रक-मोटरसाइकिल की हुई टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को गंभीर चोट आई है जिन्हें विशेष उपचार के लिए बाहर ले जाते समय एक घायल की रास्ते में मृत्यु हो गई। घटना के बाद से ट्रक चालक मौके से फरार है। दुर्घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम फरसा (दुलदुला) निवासी दिनेश टोप्पो अपने साथी अशोक तिर्की के साथ कुनकुरी (डुगडुगिया) में निवासरत अपने माता-पिता से मिलने आया हुआ था। मोटरसाइकिल सवार दिनेश अशोक को सामने से आ रही ट्रक के चालक ने ट्रक को तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दी और फरार हो गया। दुर्घटना में घायल दोनों युवकों को गंभीर हालत देखकर रांची सघन चिकित्सा हेतु ले जाते समय दिनेश टोप्पो ने रास्ते में दम तोड़ दिया। कुनकुरी पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण की विवेचना की जा रही है।

भये प्रकट कृपाला दीन दयाला का मंचन

छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 7 फरवरी। भये प्रकट कृपाला दीन दयाला नाटय प्रस्तुति महान नाटककार पुला देशपांडे की रचना नाट्य निर्देशक जीएस मनमोहन द्वारा बस्तर हाईस्कूल के मुक्तांगन में मंचन किया गया। भारी ठंड में भी सैकड़ों की संख्या में रंग प्रेक्षकों की उपस्थिति से वातावरण में गर्मजोशी से भरे अभिनेताओं ने नाटक को सजीव प्रस्तुति में बदल दिया।

भएप्रकट कृपाला सदियों से मूर्तिमान विठ्ठल भगवान का जागरण हो जाता है और समाज रचना की नींव की ईंटें मास्टरजी, वकील, सेठ, डॉक्टर एवं अन्य पात्रों पर टिप्पणियां करते हैं किंतु भगवान की कोई नहीं सुनता। यहां तक कि सजीव भगवान किसी के भी काम के नहीं होते। इससे व्यवस्था का विद्रूप सामने आ जाता है कि बड़े बदलाव के लिए समाज को बड़े फैसले लेने होते हैं।

जीएस मनमोहन की प्रशंसा करनी होगी कि आज के हालात की तस्वीर बयां करने के लिए उन्होंने पुला देशपांडे का राहुल बारपुते अनूदित यह नाटक चुना। उन्होंने वरिष्ठ तथा नए कलाकारों को सम्मिलित करते हुए सभी से बहुत उम्दा कार्य लिया।

70 से अधिक नाटकों में अभिनय कर चुके, दर्जन भर से अधिक नाटकों का निर्देशन कर चुके, दूरदर्शन आकाशवाणी से संबंधित रह चुके, देश प्रदेश विदेश का अनुभव प्राप्त मनमोहन को इस बात का श्रेय दिया जाता है कि वे सादगी से सीधे पहुंचने वाली सामयिक बात कहते रहे हैं। इस बार भी जीएस मनमोहन ने दर्शकों की अपेक्षाओं को पूरा किया।

प्रतिबिम्ब कला परिषद के बैनर तले कलाकारों ने मंच पर अपनी प्रतिभा से प्रेक्षकों को प्रभावित किया। खासकर नगेन्द्र सिंह, निर्मल सिंह राजपूत, राजेश श्रीवास्तव, अतुल, जी संभव ने इतनी उम्दा प्रस्तुति दी कि नाटक प्रस्तुति का भरपूर आनन्द जन समूह को मिल पाया। अनूप कुर्रे, परमेश, उमाशंकर, हरीश, फातिमा, भारती, पूर्णिमा, सुरेश चंद्रवंशी और स्वयं मनमोहन ने अपनी भूमिकाएं अच्छी तरह निभाई।